## सार-समाचार

## पलक के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन



**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने आंख के ऊपर की पलक के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि पिम्स हॉस्पिटल में गत दिनों एक रोगी को आंख के ऊपर पलक पर गांठ की शिकायत के चलते भर्ती कराया गया। जांच में उसकी सीबम ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। यह एक ऑकुलोप्लास्टिक सर्जरी है जिसे विभाग के प्रमुख डॉ. नितिन सिंह, डॉ. संध्या नागदा, डॉ. श्रेया, डॉ. आरजू, डॉ. प्रांशू की टीम ने कॉटरी नाइफ की मदद से किया। ऑपरेशन के दौरान पलक को नुकसान न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया। सीबम ट्यूमर निकालने के पश्चात पलक को पुनः सही ढंग से ठीक किया गया।

## डॉ. गौरव छाबड़ सम्मेलन में आमंत्रित

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डॉ. गौरव छाबड़ा,रेस्पिरेटरी एवं चेस्ट विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष , को हाल ही में प्रतिष्ठित थोरासिक एंडोस्कोपिक सोसाइटी सम्मेलन में एक विशिष्ट पैनलिस्ट के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। यह सम्मेलन थोरासिक एंडोस्कोपी और श्वास रोगो की देखभाल में अठाणी विशेषज्ञों को एकत्र करने के लिए जाना जाता है, और टेस्कॉन ने डॉ. छाबड़ा को क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज के प्रबंधन में अभिनव दृष्टिकोणों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा करने का मंच प्रदान किया।अपने प्रस्तुति के दौरान, डॉ. छाबड़ा ने के उपचार में नवीनतम प्रगति और तकनीकों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से न्यूनतम इनवेसिव एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया जो पारंपरिक विधियों पर महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती हैं। उन्होंने नए ब्रोंकोस्कोपिक उपचारों के कार्यान्वयन और उनके रोगी परिणामों पर प्रभाव पर चर्चा की, और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं और शीघ्र हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित किया।

## दो दिवसीय कॉफ्रेन्स नौ से

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के बाल एवं शिशु रोग विभाग,आईऐपी इन्टेन्सिव केयर चैप्टर इण्डिया एवं इण्डियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक उदयपुर के सयुक्त तत्वावधान में पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेस 'लेकसिटी पिडक्रिटकॉन 2024 कॉन्फ्रेस' 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेस के आयोजक सचिव डॉ. पुनीत जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेस का उदघाटन पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,सीईओ शरद कोठारी,पीएमसीएच के प्रिसिंपल एवं डीन डॉ.एम.एम.मंगल,कॉन्फ्रेस के चेयरमेन डॉ.सुधीर मावडिया एवं सचिव डॉ. पुनीत जैन करेंगे। कॉन्फ्रेस के आयोजक चेयरपर्सन डॉ.सुधीर मावडिया ने बताया कि इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेस में पीजीआई चंडीगढ से प्रो. डॉ. अरुण बंसल,एम्स दिल्ली से डॉ.नितिन धोचक,एम्स श्रषिकेष से डॉ.लोकेश तिवारी,एम्स रायपुर से डॉ. अतुल जिंदल,एम्स जोधपुर से डॉ.डेसी खेडा, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज,नई दिल्ली से डॉ.शालू गुप्ता, एसएमएस, जयपुर से डॉ. मनीष शर्मा एवं पीएमसीएच के पीडियाट्रिक इंटेसिविस्ट डॉ. पुनीत जैन विभिन्न टेक्निकल सेशनों में बाल एवं शिशुओं के क्रिटिकल केयर की नवीन विधाओं पर चर्चाए करेंगे। वर्कशॉप के आयोजक सचिव डॉ. पुनीत जैन ने बताया कि इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्य कर रहे शिशुरोग विशेषज्ञों को बाल एवं शिशुओं के क्रिटिकल केयर पर नवीन तकनीकों से रूबरू कराना है। इस वर्कशॉप में पोस्ट ग्रेजुएट्स एवं फैलो सहित लगभग 250 से ज्यादा बाल एवं शिशु रोग बिशेषज्ञ भाग लेंगे।

## नृत्य प्रतियोगिता 'नेशनल ग्रूव' 14 को

**उदयपुर,** (कासं)। भावी पीढ़ी में देशभक्ति के जज्बे को प्राणमय बनाने के उद्देश्य से आगामी 14 अगस्त को अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता 'नेशनल ग्रूव' का आयोजन होगा।डिम्पल बाबेल ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए देशभर से 60 से अधिक सरकारी व निजी विद्यालयों का पंजीकरण किया गया ऑनलाइन वीडियो प्रस्तुतियों के बाद जूरी सदस्यों द्वारा पन्द्रह विद्यालयों का फाइनल हेतु चयन किया। 14 अगस्त को सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में होने वाले इस प्रतियोगिता के ठांड फिनाले की अतिथि के रूप में महाराज कुंवरानी साहिबा निवृत्ति कुमारी, शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, फिल्म निर्माता व निदेशक राजेश जैन मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में सेलिब्रिटी जज के रूप में अनुपमा फेम कुंवर अमरजीत सिंह, निशी सक्सेना व सीने स्टार अनुज सोनी आएंगे। कार्यक्रम का संचालन जयपुर के एंकर जोश करेंगे। मिताली इवेंट्स की डिम्पल बाबेल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता को 51000, द्वितीय को 31000 व तृतीय को 21000 की राशि व मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। इस दौरान पुष्पेन्द्र परमार, अनिल जांगिड़, लालसिंह बाबेल, मनोज बाबेल, सागर हिरण, सुभाष कोठारी, अमित जैन व जीनल माधवानी भी मंचासीन रहे।

## वार्षिक साधारण सभा 8 को

**उदयपुर,** (कासं)। दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैक की वर्ष 2020 से 2024 तक की 66वीं, 67वीं, 68वीं एवं 69वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे राजस्थान कृषि महाविद्यालय सभागार में होगा। प्रबन्ध निदेशक आलोक चौधरी ने बताया कि साधारण सभा का आयोजन बैक प्रशासक एवं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में होगा, जिसमें बैक कार्यक्षेत्र की समस्त ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रतिनिधि जिनमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सदस्य तथा अक्रणी सहकारी समितियों के प्रतिनिधि भाग लेगें।आमसभा में चार वित्तीय वर्षो के लाभ-हानि खातों का अनुमोदन, बजट वर्षो में हुए व्यय की पुष्टि, स्वीकृत विकासोन्मुखी कार्ययोजना की पुष्टि, बोरोइंग की पुष्टि तथा अधिकृत अंश पूंजी में वृद्धि करने पर विचार सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान 'हरियालो राजस्थान' (एक पेड़ मां के नाम) अंतर्गत जिला स्तरीय सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम हरियाली तीज के अवसर पर बुधवार 7 अगस्त को सुबह 11 बजे गोवर्धन सागर स्थित स्मृति वन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन व पर्यावरणप्रेमी भाग लेंगे। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। वहीं कलक्टर ने एक आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आयोजन से जुडी विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अलग-अलग दायित्व सौंपे है।

## काव्य नाटक क्रोचवध मंचन

**उदयपुर,** (कासं)। काव्य नाटक क्रोचवध का मंचन 11 अगस्त को होगा। निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि भारतीय लोक कला मंडल मे दी परफॉर्मर्स कल्चरल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी के प्रसिद्ध कवि विजेंद्र की जयंती के अवसर पर उनके ही द्वारा लिखित क्रोचवध काव्य-नाटक का मंचन भारतीय लोक कला मण्डल के मुक्ताकाशी रंगमंच पर सायं 8 बजे से होगा।

## जिला प्रभारी सचिव आज उदयपुर में

**उदयपुर,** (कासं)। पब्लिक सर्विसेज निदेशक व जन अभियोग निराकरण विभाग के विशिष्ट शासन सचिव व जिला प्रभारी सचिव हरि मोहन मीणा बुधवार 7 अगस्त को उदयपुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। वे शाम 4 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी ने समस्त विभागाध्यक्षों को बैठक में विभागीय प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# गुण्डों को सोशल मीडिया पर फोलो कर दहशत फैलाने वाले छह दबोचे

**राजसमंद,** ०(निसं)। विगत दिनो शहर में हुई फायरिंग की घटना को एसपी मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार एएसपी महेन्द्र पारीक के सुपरविजन व राजसमंद डीएसपी विवेकसिंह के निर्देशानुसार शहर में अवैध हथियार सप्लाई करने वाले व हथियार रखने वाले अपराधियों तथा गुण्डों को सोशल मीडिया पर फोलो कर दहशत फैलाने वाले की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर अपराधियों के फोलोअर्स पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

कांकरोली थाना पुलिस द्वारा ऐसे छह दहशतगर्दो को गिरफ्तार किया गया। जिनके नाम क्रमशः जयखोखर पुत्र शंकरलाल खोखर निवासी मुखर्जी चौराहा, अभिजित कटारिया पुत्र कमलेश सालवी निवासी नई आबादी द्वारकेश कोलोनी कांकरोली, निखिल जोशी पुत्र विनोद जोशी निवासी किशोरनगर मण्डा राजनगर, चिराग पालीवाल पुत्र राधाकिशन पालीवाल निवासी कांकरोली, मिलन रजक पुत्र किशनलाल रजक निवासी जलचक्की कांकरोली, निखिल वैष्णव पुत्र घनश्याम वैष्णव निवासी द्वारकाधीश मन्दिर के पास कांकरोली। ये सभी व्यक्ति सोशल मीडिया किंग खान नामक ग्रुप चलाने वाले मफरुर अपराधी हासिम खान उर्फ मोहिद पुत्र आफताब खान पठान निवासी आजाद नगर जलचक्की कांकरोली हाल निवासी बागपुरा थाना कांकरोली, मुकेश उर्फ फुग्गा पुत्र मदन लाल गवारिया निवासी भीलमगरी कुण्ड के पास जलचक्की कांकरोली के फोलोअर्स है। ये सभी फरार मुल्जिमान हासिम खान उर्फ मोहिद, मुकेश उर्फ फुग्गा के सोशल मीडिया अकाउन्टस फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप की डिटेल प्राप्त कर इन अपराधियों के फोलोअर्स जिनके द्वारा अपराध को बढावा देते हुए अपराधियों द्वारा पोस्ट किए गए विडियो-फोटो को वायरल करते हैं।



कांकरोली थाना पुलिस ने गुण्डों को सोशल मीडिया पर फोलो कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज



फोटो-4पेसिफिक में एम.बी.ए. बैच के इन्डक्शन कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेन्टस।

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक विवि के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट में नवआंगतुक छात्रों के सर्वागिंक विकास के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नये छात्रों को नये वातावरण में समायोजित करने और सहज महसूस करने में मदद करना, संस्थान के लोकाचार और संस्कृति को विकसित करना है। कार्यक्रम में प्रमुख व्याख्याताओं द्वारा नवीनतम अध्ययन सम्बन्धी विषयों से छात्रों को अवगत कराया । फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन प्रो. दिपिन माथुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए भावी मैनेजर्स को अपनी जिन्दगी की कहानी को बेहतर बनाने के लिए जीवन उद्देश्यों एवं वक्त की कीमत को पहचानने पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को आत्म विश्लेषण करके नये कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया व एम.बी.ए. जैसे पेशेवर पाठ्यक्रम के लिए तैयार होने के लिए प्रेरित किया । विद्यार्थियों को अपनी शक्तियों और कमजोरियों को पहचानने में ध्यान केन्द्रित कर अपने व्यक्तित्व को कैसे निखारा जा सके, एवं छात्रों को प्रबन्धन के गुर के बारे में जानकारी दी और बताया कि एमबीए अन्य पारम्परिक पाठ्यक्रमों से कैसे बेहतर है। एमबीए के शिक्षण शिक्षा शास्त्र में केस स्टडी, रोल प्ले, आर्थिक कहानी पर चर्चा आदि शामिल है, जो छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करता है। ये इंडक्शन प्रोग्राम 7 दिनों तक चलेगा जिसमें प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर सत्र आयाोजित किये गये है, जिसमें प्रमुख है, टीम-बिल्डिंग, नैतृत्व-कौशल, रोजगार-कौशल, कैंपस से कॉर्पोरेट तक प्रंडस्ट्री विजिट आदि विद्यार्थियों के सर्वागिण विकास के लिये आयोजित किये जायेंगे।

## कार से जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के नाई थानाक्षैत्र में पिकनीक स्थल के समीप खड़ी कार का कॉच तोड़ कर बदमाश जेवरात व नकदी से भरा पर्स चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास लेक गार्डन सोसायटी निवासी हरीश पुत्र कोदूमल सिंधी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कर करवाया। जिसमें उसने बताया कि 5 अगस्त को परिवार सहित पिकनीक मनाने के लिए अलसीगढ की तरफ गए थे। जहां कार खड़ी कर झरना देख कर वापस लौटते तो कार के पिछे का कॉच टूटा हुआ था। तलाशी ली तो कार में रखे दो पर्स गायब थे। पर्स में सोने के टॉप्स, सोने की2 अंगुठी, कान के झुमके तथा अन्य जेवर थे। इसी तरह दूसरे पर्स में 4 हजाररूपये नकदी, चाबी, कॉन के टॉप्स, डेबिट व क्रेडिट कार्ड थे। इसी प्रकार बाइक सवार फाईनेंन्स कंपनी कर्मचारी से बदमाश नकदी लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोतमलाल पुत्र रमेश मीणा निवासी चाकरीद काला पीपल शाहजापुर एमपी हॉल फिल्ड आफिसर एजेन्ट एलएनडटी कंपनी ऋषभदेव ने पुलिस थाने मे प्रकरण दर्ज करवाया।

## नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने आरोपी व साथियों के खिलाफ पीडित के पुत्र की शादी करवा नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सोहनलाल पुत्र मोतीलाल निवासी अमरपुरा खालसा खेरोदा ने बिलोदा डूंगला चित्तोड़गढ निवासी वरदीचंद पुत्र धुलीराम, पुजा पुत्री मांगीलाल निवासी काली भीत, राजमल पुत्र वृद्धि चंद, पुष्कर पुत्र मोतीलाल तथा प्रियंका पत्नी पुष्करलाल निवासी कालीभीत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपियों ने मेरे पुत्र राजकुमार के साथ 4 मार्च 2024 को पुजा के साथ शादी करवाई। इस दौरान आरोपियों के कहे अनुसार उन्हें 3 लाख रूपये भुगतान किया। कुछ दिनों तक रहने के बाद पुजा घर छोड़ कर चली गई वापस नहीं आई।

# कुलपति सारंगदेवोत का सम्मान

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत कैम्ब्रिज विवि, यूनाइटेड किंगडम में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने हेतु आज उदयपुर से रवाना हुए। वे विश्व स्तर के विद्वानों और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के साथ विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा करेंगे।

कैम्ब्रिज में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन अत्याधुनिक तकनीकी और आर्थिक विकास पर चर्चा करने और चुनौतियों का समाधान ज्ञात करने के लिए दुनिया भर के विचारकों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक मंच पर लाएगा। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. सारंगदेवोत की भागीदारी शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान और अकादमिक व शोध उत्कृष्टता का प्रमाण है। विवि के सामुदायिक कर्तव्यों में उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और शिक्षा के प्रति उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया है। विद्यापीठ के कार्यकर्ताओं ने कुलपति प्रो. सारंगदेवोत का शॉल, उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुल प्रमुख बी.एल. गुर्जर, पीठ स्थवीर डॉ. कौशल नागदा आदि मौजूद रहे।



कुलपति सारंगदेवोत का विद्यापीठ के कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया।


# 11 हजार कावाड़िये करेंगे महादेव का जलाभिषेक

**उदयपुर,** (कासं)। शिव महोत्सव समिति की ओर से 9 अगस्त को उदयपुर से उभयेश्वर महादेव तक 21 किलोमीटर तक की निकाली जाने वाली 19वीं कावड यात्रा के तहत आयोजित सात दिवसीय समारोह के तहत मंगलवार को बजरंग सेना मेवाड़ की ओर से पांच हजार वर्ष पुराने गंगा के चैथे पाये गंगु कुंड पर भारत का पूजन कर भव्य संगीतमय गंगा महाआरती की गई गई जिसमें बड़ी संख्याॅ में महिला एवं पुरूषों ने भाग लिया।

इस अवसर पर संस्थापक कमलेन्द्र सिंह पंवार ने बताया कि महाआरती में महंत इंद्र देवदास ,महंत राधिका शरण शास्त्री, महंत नारायण दास ,महंत प्रवीण दास, महंत दयाराम, महंत श्याम किशोर बाबा , काली कल्याण धाम गांधीपति डॉ. हेमंत जोशी,सगस जी बावजी सेवक सुशील चित्तौड़ा, अनूप सिंह सांखला, डॉ. प्रदीप कुमावत, क्षेत्रीय पार्षद मनोहर चौधरी, रामकृपा शर्मा, दिनेश भट्ट , प्रेम सिंह शक्तावत , कार्यक्रम के संयोजक मुकेश सिंह रावत ,सुरेश चैहान, राजमल चैधरी, जितेंद्र जैन, सुनील कालरा ,ऋषभ सिंह गहलोत, सुरेश टहलरमानी, गोविंद सिंह चौहान, रविन्द्र पाल सिंह, दिनेश मकवाना, एडवोकेट निर्मल पंडित, विजय प्रकाश विप्लव, महेश भावसार, हीरालाल सोनी, काली, यज्ञ नारायण शर्मा, भूपेंद्र सिंह भाटी, लक्ष्यराज सिंह पंवार ,नरेंद्र सोनी, फतह सिंह राठौड़ ख्याली लाल रजक, सुरेश रावत सहित कार्यकर्ताओं ने गंगा की आरती की। समारोह में इस्कॉन द्वारा हरी कीर्तन मायापुर वासी, संगीतमय हनुमान चालीसा, श्री राम स्तुति, चंद्रशेखर स्तोत्रम नितिन दसोरा द्वारा व अखाड़ा प्रदर्शन उस्ताद यशवंत चैधरी श्री बजरंग राष्ट्रीय व्यायाम शाला द्वारा किया गया।

अध्यक्ष यज्ञ नारायण शर्मा ने बताया 19वीं कावड यात्रा पर पहली बार सामुहिक अभिषेकात्मक पाठात्मक महारूद्र शुक्रवार को उभयेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 121 विद्वान पंडितों और 121 जजमान जोडों द्वारा किया जायेगा।

■ पुष्प वर्षा से होगा कावड़ यात्रा का स्वागत



बजरंग सेना मेवाड़ द्वारा भारत माता का पूजन कर की गंगा आरती की।

## सार-समाचार

## प्रस्तावित न्यूक्लियर प्लांट का विरोध

**उदयपुर,** (कासं)। बांसवाड़ा जिले के छोटी सरवन इलाकें में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट का सांसद राजकुमार रोत ने भी मंगलवार को संसद में विरोधक किया। भारत आदिवासी पार्टी बाप से नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि न्यूक्लियर प्लांट विनाशकारी योजना है। जिस स्थान पर प्लांट बनाया जा रहा ळै वहां लोग खेती कर रहे है। वो किसान कहां जायेंगे। प्रशासन ने उनहें विस्तापित करने से पूर्व उनेकंव हां से हटाने का काम शुरू कर दिया। जिसका विरोधक हुआ और उस मामले में अभी तक 40 ठाामीणा न्यायिक अभिरक्षा में है। रोत ने कहा कि यह परमाणु उर्जा संयंत्र परियोजना इस क्षेत्र में भविष्य में विश्नाशकारक साबित होगी। उन्होंने बताया कि जापान में वर्ष 2011 में भूकंप आया, तबाही मची जहां इसी तरह का संत्रंय स्थापित था। सोवियत संघ में 26 अप्रेल 1986 में भूकंप आया वहां लगे परमाणु संयंत्र से परेशानी हुई, 40 लोग मारे गए। रोत ने कहा कि इस परिजनों के लिए माही बांध से पानी लिया जायेगा और दूषित पानी भी वही छोड़ा जायेगा। जिससे क्षेत्र की खेती एवं लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडेगा। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार कोइस परिजनों को लेकर स्थानीय ठाामीणों एवं पुलिस में झडप हुई थी। जिसमें पुलिस के जवान सहित कई ठाामीण भी घायल हुए । पुलिस ने लाठियां भांजी और आसू गैस भी छोडी। इस संबंध में भारतीय आदिवासी पार्टी के 12 नेता भीहिरासत में हैं ठाामीणों का आरोपी है कि जमीन जबरन खाली करवाई गई है। आपको बतादे कि छोटी सरवन में 2800 मेगावाट का न्यूक्लियर प्लोंट प्रस्तावित है। जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी शिघ्र करने वाले हैं।

## दो दुकान से सामान चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। । शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित दुकान से चोर विद्युत वायर चुरा ले गए। अन्यत्र हिरणमगरी थाना क्षेत्र कृषि मण्डी स्थित दुकान से खाद्य पदार्थ जीरा के कट्टे चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित आशय पुत्र जयदीप धर्मावत निवासी अम्बामाता हॉल मेगाटोनिक्स सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी सुखेर गांव में इलेक्ट्रीक की दुकान है। 4 अगस्त रात में अज्ञात चोर दुकान का रोशनदान तोड़ कर अंदर घुस कर विद्युत वायर चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। स्टॉक चैक करने के बाद चोरी गए माल की सूची देने की रिपोट्र दी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसी तरह शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र सेक्टर 11 सविना निवासी दिनेश कुमार नागदा पुत्र खुबीलाल नागदा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि कृषि मण्डी में दुकान नंबर 82 मेरी दुकान है तथा उसके पिछे ही गोदाम हैं।1जून को अज्ञात चोर गोदाम में रखे खाद्य पदार्थ जीरा के 20 कट्टों मेसे 6 कट्टे चुरा ले गया। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

## सड़के हादसे में वृद्ध की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापगर थाना क्षेत्र में सिटी बस की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सवेरे शहर के उदयपुर से डबोक की तरफ जार ही सिटी बस ने प्रतापनगर थाने के सामने राह चलते वृद्ध को चपेट में ले लिया। जिससे प्रतापगनर थाने के सामने गली में रहने वाले मंगलसिंह (82) पुत्र नारायणसिंह गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल नारायणलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलसिंह सवेरे हमेशा की तरह पैदल पैदल घुमने के लिए जा रहा था। इस दौरान सवारियां लेने उदयपुर से डबोक रूट की तरफ जा रही सिटी बस ने उसे चपेट में ले लिया।

## छात्रों के दो गुट भिड़े

**उदयपुर,** (कासं)। नवांगतुक छात्रों को अपने पक्ष में मतदान करीने के लिए रिझाने के दौरान मगलवार को सुखाड़िया विश्व विद्यालय परिसर में दो छात्र नेताओं गुट परस्पर उलझ गए जिन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस की मदद लेनी पडी। दरअसल इन दिनों इसे 7 अगस्त तक सुखाड़िया विश्व विद्यालय परिसर में स्थित कला महाविद्यालय में प्रथम वष्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों की काउसगिं चल रही है। इसी का फायदा लेते हुए भावी छात्र नेता अपने प्रचार-प्रसार में जुट गए है। इसी क्रम में मंगलवार को छात्र नेता रौनक राजसिंह और अंशुमानसिंह के समर्थक कला महाविद्यालय के बाहर आपस में उलझ गए। बहुत देर तक हंगामा चलता रहा वहीं कुछ छात्रों में हाथपाई भी हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रतापनगर पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस ने समझाईश करने पर दोनों गुट शांत हो गए। इधर बुधवार को भी काउंसलिंग को देखते हुए पुलिस के भारी जाप्ते की व्यवस्था की सूचना है।

## दिव्यांगों को अंग उपकरण बांटे

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के दिव्यांग बालक-बालिकाओं को अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के एडीपीसी वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह बच्चे 7 और 8 फरवरी 2024 को आयोजित मेडिकल कैंप में चयनित हुए थे। इन बच्चों के लिए एलिमको से प्राप्त उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि जगदीश सुथार और प्रधानाचार्य चेतन पानेरी ने बच्चों को उपकरण वितरित किए। कुल 286 उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, हियरिंग एड, स्मार्ट कैन, सुगम्य कैन, ब्रेल किट, एम.आर किट, एल्बो क्रंच और कैलीपर्स आदि शामिल थे। यादव ने बताया कि राज्य संदर्भ केंद्र, जो कि थेरेपी संबलन हेतु राज्य सरकार द्वारा पीएम श्री राजकीय फतेह उमावि में स्थापित किया, वहां के स्टाफ का परिचय भी कराया गया। इस केंद्र में बालक-बालिकाओं को निशुल्क थेरेपी दी जाती है।

## पुस्तक मेला 20 सितंबर से

**उदयपुर,** (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उदयपुर संभाग मुख्यालय पर संचालित सूचना केन्द्र को प्रबुद्ध पाठकों और विद्यार्थियों के लिए समृद्ध संदर्भ केन्द्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा आगामी 20 सितंबर से यहां 7 दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा।

## डंपर चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर डंपर चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पुष्पेन्द्र पुत्र सुरेश चौधरी निवासी दाह का खेड़ा देबारी प्रतापगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

**नाम परिवर्तन**

मैं भैरू सिंह बल्ला (**bhairu singh balla**) पिता अभय सिंह निवासी ग्राम झांझर जिला राजसमन्द ने अपना नाम बदल कर नया नाम **bheru singh balla** रख लिया हैं।

भविष्य में मुझे नए नाम से ही जाना पहचाना जाए।

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001 ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें] कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री ख्याली लाल कोठारी पुत्र श्री भंवर लाल कोठारी एवं सह-ऋणी श्रीमती सरोज कोठारी पत्नी श्री ख्याली लाल कोठारी** पर मांग सूचना **दिनांक 23.05.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 21.05.2024 को बकाया राशि रू. 25,69,708.89 (रूपये पच्चीस लाख उन्हत्तर हजार सात सौ आठ एवं पैसे नवासी मात्र) (दिनांक 21.05.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 02, माह अगस्त, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 21.05.2024 को बकाया राशि रू. 25,69,708.89 (रूपये पच्चीस लाख उन्हत्तर हजार सात सौ आठ एवं पैसे नवासी मात्र) (दिनांक 21.05.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री ख्याली लाल कोठारी पुत्र श्री भंवर लाल कोठारी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो फ्लैट नं. जीवीएफ/एम07, प्रथम तल, गोवर्धन अपार्टमेन्ट, गोवर्धन विलास, सेक्टर-14, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 803.09 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** उत्तर: जीवीएफ/एम-08 प्रथम तल, दक्षिण: खुली जगह, पूर्व: जीवीएफ/एम-06 प्रथम तल एवं सीढ़िया, पश्चिम: खुली जगह

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 02.08.2024

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी